मिलता है सच्चा सुख केवल भगवान तुम्हारे चरणों मे

मिलता है सच्चा सुख केवल भगवान तुम्हारे चरणों मे |
यह विनती है पल पल छिन छिन, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों मे ||

चाहे वैरी सब संसार बने, चाहे जीवन मुझ पर भर बने |
चाहे मौत गले का हार बने, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों मे ||

चाहे अग्नि मे मुझे जलना हो, चाहे कांटो पे मुझे चलना हो |
चाहे छोड़ के देश निकलना हो, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों मे ||

चाहे संकट ने मुझे घेरा हो, चाहे चारों और अंधेरा हो |
पर मन नहीं डगमग मेरा हो, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों मे ||

जिव्हा पर तेरा नाम रहे, तेरा ध्यान सुबह और श्याम रहे |
तेरी याद मे आठों याम रहे, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों मे ||

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17/title/milta-hai-sacha-sukh-keval-bhagwaan-tumhare-charno-mai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |